07/04/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना 8 अप्रैल, 2015 को शुरू हुई थी और कल इसके 10 साल पूरे हो जाएंगे। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत अब तक 32 लाख करोड़ रुपये से अधिक के 52 करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। वित्तीय समावेशन को सुविधाजनक बनाने और उद्यमियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से गैर-कॉर्पोरेट, गैर-कृषि लघु और सूक्ष्म उद्यमों को दस लाख रुपये तक के जमानत-मुक्त ऋण प्रदान करने के लिए यह योजना शुरू की गई थी। इस योजना के तहत तीन श्रेणी के ऋण दिए जा रहे हैं। इस योजना ने उद्यमशीलता के माध्यम से अपनी आजीविका को बनाए रखने में सक्षम बनाकर हाशिए के समूहों में आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा दिया है।

0000000000000000000

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कल बांदरदेवा में निर्माणाधीन रोंगोगे मेगा फूड पार्क के साइट विजिट के दौरान यह आश्वासन दिया है कि, केंद्र सरकार रोंगोगे मेगा फूड पार्क के सफल कार्यान्वयन में अरुणाचल प्रदेश सरकार के साथ सहयोग करेगी। एक समीक्षा बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री ने विकासात्मक पहलों के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सहयोग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने राज्य में भाजपा के शासन को देखते हुए फूड पार्क के लिए पूर्ण केंद्रीय समर्थन का वायदा किया। कार्यात्मक होने के बाद, रोंगोगे मेगा फूड पार्क पूर्वोत्तर में कृषि-औद्योगिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

75 एकड़ में फैले इस पार्क में फलों के प्रोसेसिंग, रबर और नींबू की खेती, एकीकृत पशुधन खेती और कचरे से धन की पहल पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

Byte::Union Minister

0000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनायक ने आज राजभवन, ईटानगर में कुरुंग कुमे जिले के सारली, अपर सुबनसिरी जिले के ताकसिंग और दापोरिजो तथा कामले जिले के कामपोरिजो के सैनिक स्कूल में प्रवेश के इच्छुक छात्रों से बातचीत की। ये युवा छात्र स्पीयर कोर के सैनिकों द्वारा संचालित एक समर्पित कोचिंग पहल का हिस्सा रहे हैं, जिसका उद्देश्य अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के लिए दूरदराज के सीमावर्ती गांवों के बच्चों को तैयार करना है। छात्रों के साथ बातचीत करते हुए, राज्यपाल ने उन्हें जिज्ञासा, कड़ी मेहनत और पढ़ने-लिखने की आदतों को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। स्पीयर कोर पहल का उद्देश्य योग्य छात्रों की पहचान करना, उन्हें शिक्षित करना और प्रेरित करना है। 65 चयनित छात्रों में से 32 (जिनमें 21 लड़कियां और 11 लड़के शामिल हैं) उनको व्यापक प्रशिक्षण के लिए चुना गया।

000000000000000000

आज कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सीधी भर्ती के लिए निर्धारित अपर एज लिमिट में 'एक बार छूट' को मंजूरी दे दी है। 'एक बार छूट' उम्मीदवारों को उन श्रेणियों के पदों के लिए पात्र होने और आवेदन करने में सक्षम बनाती है, जहां पिछली रिक्ति अधिसूचनाएं (2024 से पहले जारी) निर्धारित शर्तों के अधीन अरुणाचल प्रदेश लोक

सेवा आयोग द्वारा रद्द कर दी गई हैं या रद्द कर दी जाएंगी। कैबिनेट ने अरुणाचल प्रदेश सरकार के तहत एसिस्टेंट इंजीनियर्स और जूनियर इंजीनियर्स के पदों पर सीधी भर्ती के लिए एक सामान्य परीक्षा योजना तैयार करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी।

0000000000000000

आज राजीव गांधी यूनिवर्सिटी में 13वें इंटर कॉलेज युथ फ़ेस्टिवल में मुख्यमंत्री पेमा खांडू शामिल हुए। और उनका स्वागत एनसीसी, आरजीयू इकाई द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया गया। श्री खांडू ने राजीव गांधी यूनिवर्सिटी में वॉल ऑफ हीरोज पर पुष्पांजलि अर्पित की। 13वीं इंटर कॉलेज युथ फ़ेस्टिवल आज से आगामी 9 अप्रैल तक चलेगा जिसमें आरजीयू के तहत आने वाले विभिन्न कॉलेजस के 500 से अधिक प्रतिनिधि तीन अलग-अलग प्रतिस्पर्धी में भाग लेंगे।

0000000000000000000

टिकाऊ बागवानी को बढ़ावा देने और स्थानीय किसानों की आजीविका बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, तवांग उपायुक्त कांगकी दारांग ने आज तवांग ग्रीन फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष नावांग छोंजोम को उच्च उपज देने वाली विदेशी सब्जियों के बीज सौंपे। स्थानीय किसानों को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से की गई इस पहल में बीजों का निःशुल्क वितरण भी शामिल है। इस अवसर पर उपायुक्त ने किसानों को फसल-विशिष्ट जैविक पद्धतियों को अपनाने और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और अधिकतम पैदावार सुनिश्चित करने के लिए खेती के वैज्ञानिक तरीकों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने टिकाऊ खेती के महत्व पर जोर दिया

और किसानों से अपनी आजीविका बढ़ाने के लिए इस अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश के वेस्ट कामेंग, लोअर सुबनसिरी, पापुमपारे, अपर सुबनसिरी, अपर सियांग, लोअर दिबांग वैली, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने का अनुमान लगाया है।

000000000000000000000

खेमेथांग के माई फुटसल एरिना में कल बहुप्रतीक्षित स्प्रिंग फुटसल कप 2.0 के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया गया, जिसके तहत एक एक्जिविशन फुटसल मैच टीम एमएलए तवांग और टीम डीसी के बीच खेला गया। आने वाले दिनों में स्प्रिंग फुटसल कप 2.0 में 16 टीमें भाग लेंगी, जिसमें स्थानीय प्रतिभा का प्रदर्शन होगा। इस अवसर पर केचेंगा कलच्रल ट्रूप और एलडी स्कूल के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रदर्शन भी पेश किया गया, जो इस क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और युवा उत्साह को दर्शाते हैं।

0000000000000000000000